गोपनीय

योगेश चन्द्र
विशेष सचिव

59/अर्द्ध0शा0प0सं0-22(17)2014/का-1-2014
उत्तर प्रदेश शासन
कार्मिक अनुभाग-1
लखनऊ :: दिनांक 19 जून,2014

प्रिय महोदय,

सिंचाई (यांत्रिक) विभाग के अंतर्गत मुख्य अभियंता (यांत्रिक) स्तर-1 के पद पर अनुपूरक चयन हेतु मुख्य सचिव की अध्यक्षता में दिनांक 06.06.2014 को विभागीय चयन समिति की बैठक सम्पन्न हुई। चयन समिति द्वारा **श्री ऋषिपाल सिंह चौहान** को उक्त सम्भावित परिणामी रिक्ति के सापेक्ष, मुख्य अभियंता (यांत्रिक) स्तर-1 के पद पर पदोन्नति प्रदान किये जाने की संस्तुति की गयी है।

2. चयन समिति द्वारा यह भी संस्तुति की गयी है कि उपरोक्त संस्तुति के आधार पर पदोन्नति प्रदान करते हुए नियुक्त किये जाने के आदेश परिणामी रिक्ति के वास्तविक रूप में उपलब्ध होने पर ही जारी किये जायेंगे।

3. चयन समिति की उपर्युक्त संस्तुतियों पर मा0 मुख्यमंत्री जी का अनुमोदन प्राप्त हो गया है।

4. अत: मुझे आपसे अनुरोध करने की अपेक्षा की गयी है कि कृपया चयन समिति की उपर्युक्त संस्तुतियों के अनुसार यथावश्यक अग्रतर कार्यवाही सुनिश्चित कराने का कष्ट करें।

भवदीय,
ह0/-

(योगेश चन्द्र)

श्री सुरेश चन्द्रा,
प्रमुख सचिव,
सिंचाई विभाग,
उत्तर प्रदेश शासन।

http://shasanadesh.up.nic.in